आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 31.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- मुख्य सचिव ने कल द्वीप नारियल महोत्सव का उद्घाटन किया ।
- जी आई टैगिंग के पंजीकरण एवं संवर्धन के लिए कृषि विभाग को नोडल विभाग के रूप में नामित किया गया है।
- सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।
- विश्व साइकिल दिवस के सिलसिले में कल साइकिल कार्यक्रम का एक विशेष संस्करण आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीप नारियल महोत्सव–2025 का कल उद्घाटन किया गया। 'नारियल का उत्सव– द्वीपों की संस्कृति, व्यंजन और शिल्प' विषय के अंतर्गत मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में उत्सव का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में आपदा प्रबंधन सचिव ए एस पी एस रविप्रकाश, उद्योग सचिव डॉ. सत्येंद्र सिंह दुरसावत, कृषि सचिव पल्लवी सरकार, पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी, प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी और आम जनता भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने प्रत्येक स्टॉल पर प्रदर्शित रचनात्मकता, शिल्प कौशल और नवाचार की सराहना की। नारियल आधारित पर्यटन और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, यह उत्सव एक इंटरैक्टिव और इमर्सिव अनुभव प्रदान करता है। विविध व्यंजनों और शिल्पों के अलावा, इस उत्सव में कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। उत्सव का मुख्य आकर्षण नारियल छीलने की प्रतियोगिता थी। विभिन्न विभागों और एसोसिएशन की ओर से नारियल के बहुमुखी उपयोग और विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति को प्रदर्शित करते हुए सेवाओं, उत्पादों और नवाचारों को प्रदर्शित किया जा रहा है। उत्सव के दौरान लोगों को पारंपरिक नारियल शिल्प, टिकाऊ खेती और जैविक स्वास्थ्य उत्पादों के बारे में जानने का अवसर मिला। यह उत्सव अब एक जून तक चलेगा।

<><><><><><><>

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने मंत्रालय के नवीनतम दिशा–निर्देशों के अनुसार द्वीपसमूह के अनूठे उत्पादों के भौगोलिक संकेत –जी आई टैगिंग के पंजीकरण एवं संवर्धन के लिए कृषि विभाग को नोडल विभाग के रूप में नामित किया है। इस पहल का उद्देश्य इन द्वीपों की उत्पादों की विशिष्टता को संरक्षित करना, उनके बाजार मूल्य को बढ़ाना और स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देना है। मुख्य सचिव के अनुमोदन से जीआई पंजीकरण एवं जीआई टैगिंग प्राप्त करने के लिए कृषि आयुक्त–सह–सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय नोडल समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा, तीनों जिलों के लिए जिला स्तरीय नोडल समितियां बनाई गई हैं। प्रत्येक समितियों की अध्यक्षता संबंधित जिले के उपायुक्त द्वारा किया जाएगा। ये समितियां जीआई क्षमता वाले अनूठे स्थानीय उत्पादों की पहचान करने, जीआई आवेदनों की तैयारी और प्रस्तुतीकरण का समर्थन करने और एफ पी ओ, उत्पादक समूहों, सहकारी समितियों या स्वयं सहायता समूह जैसे आवेदक संगठनों का चयन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। डीएलएनसी मौजूदा जीआई–टैग वाले उत्पादों के प्रदर्शन की समीक्षा भी करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालकृष्णन ने अपने सेवानिवृत्त होने के सिलसिले में कल उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से राज निवास में विदाई मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उपराज्यपाल ने उनके कार्यकाल के दौरान प्रशासन को दी गई उनकी सेवा और समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

<><><><><><><>

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कल नई दिल्ली में इंडिया एआई मिशन : मेक एआई इन इंडिया – मेक एआई फॉर इंडिया कार्यक्रम में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते है कि प्रौद्योगिकी कुछ लोगों तक सीमित न होकर हर व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इसके लिए कंप्यूटर के जरिए सूचना प्रबंधन सेवाएं सब तक पहुंचाना जरूरी है। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने एआई कंप्यूटर सेवाओं के दूसरे चरण की भी घोषणा की, जिसके माध्यम से स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए सोलह हजार ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट–जीपीयू सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

<><><><><><><>

सरकार ने ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी–टॉकी सहित अन्य रेडियो वायरलेस उपकरणों की अवैध लिस्टिंग और बिक्री की रोकथाम तथा विनियमन के लिए नए दिशानिर्देश अधिसूचित किए हैं। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस की आवश्यकता या लागू कानूनों के अनुपालन के बारे में अनिवार्य तथा स्पष्ट खुलासे के बिना ही ट्रांसमीटर तथा वायरलेस वॉकी–टॉकी बेचे जा रहे हैं। दिशा–निर्देशों में ऑनलाइन माध्यम से बिक्री के लिए सूचीबद्ध और अनुमति प्राप्त आवृत्तियों पर केवल अधिकृत तथा अनुपालन करने वाले वॉकी–टॉकी उपकरणों के संचालन का आदेश देना और भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाना शामिल है। मंत्रालय ने उचित आवृत्ति प्रकटीकरण, लाइसेंसिंग जानकारी या उपकरण प्रकार अनुमोदन के बिना ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी–टॉकी की लिस्टिंग और बिक्री के खिलाफ अग्रणी डिजिटल मार्केटप्लेस को 16 हजार नौ सौ सत्तर उत्पाद लिस्टिंग के खिलाफ तेरह नोटिस भी जारी किए है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले में आवासीय और वाणिज्यिक संस्थानों को किराए या उप–किराए पर देने से पहले इसमें रहने वाले लोगों की जानकारी नजदीकी पुलिस थाने में देने को कहा गया है। ज़िला मजिस्ट्रेट की ओर से इस संबंध में आदेश जारी करते हुए यह कहा गया है कि इस निर्णय से असामाजिक तत्वों के भागने या छिपने पर रोक लगाया जा सकता है और इससे लोगों की सुरक्षा तथा ज़िले में शांति को भी कायम किया जा सकेगा। आदेश के तहत किसी भी मकान मालिक या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के प्रबंधक या मालिकों को किराएदारों या पेईंग गेस्ट को रखने से पहले स्थानीय पुलिस थाने में इसकी जानकारी देनी होगी। नौकर के संबंध में भी यह आदेश लागू होगा। आदेश अगले साठ दिनों तक लागू रहेगी।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से फिट इंडिया मिशन के तहत तीन जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में कल साइकिल कार्यक्रम का एक विशेष संस्करण आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य मोटापे और अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों से लड़ने के लिए साइकिलिंग को दैनिक शारीरिक गतिविधि के रूप में अपनाने और फिटनेस आंदोलन को बढ़ावा देना है। इच्छुक प्रतिभागियों से कल सुबह साढ़े पांच बजे अपनी साइकिल के साथ नेताजी स्टेडियम के मुख्य द्वार पर रिपोर्ट करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान क्षेत्र में आज पैन्थर–एक और पैन्थर–दो मुख्य ट्रांसमिशन लाईन में आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इसके कारण आज दोपहर एक बजे तक श्री विजयपुरम, और बम्बूफ्लाट से विम्बर्लीगंज क्षेत्र में बिजली की कटौती की जाएगी।

**<><><><><><><>**

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम वी कैम्पबेल बे के आज शाम तीन बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। जहाज में दौ से अधिक यात्री सवार है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

**<><><><><><><>**